कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

जागृति

वर्ष 61 अंक 10 मुंबई सितम्बर 2017

राष्ट्रपति भवन में विश्व 'मधुमक्खी दिवस' मनाया गया

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष 61 अंक 10 मुंबई सितम्बर 2017

कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष
बी.एच. अनिल कुमार

सम्पादक
के. एस. राव

उप सम्पादक
सुबोध कुमार

वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक
सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार
संजय एस. सोमदे

कलाकार
चंद्रशेखर पुनवटकर,
दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एव
लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
ग्रामोदय,3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित
टेलिफैक्स: 022-26719465
ई-मेल: jagritikvic@gmail.com वेबसाईट: www.kvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से
खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

इस अंक में...

समाचार सार 3 से 38

आयोग ने राष्ट्रपति भवन से 'मधु क्रांति' की शुरुआत कर 'विश्व मधुमक्खी दिवस' मनाया ...
मुंबई में 'विश्व मधुमक्खी दिवस' ...
पूरे देश में आयोग द्वारा 'विश्व मधुमक्खी दिवस' मनाया गया ...
खादी हुई वैश्विक, अमेरिकी राजदूत ने स्वतंत्रता दिवस पर पहनी खादी साड़ी ...
आयोग ने ऐतिहासिक शहर पुणे में इतिहास बनाया ...
खादी इंडिया फ्रेंचाइजी का तिरुवल्ला में उद्घाटन ...
आयोग के अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के कामकाज की समीक्षा ...
आयोग ने पम्पोर, जम्मू और कश्मीर में ऐतिहासिक प्रशिक्षण स्थल को पुनर्जीवित किया ...
कालीकट में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर जागरूकता अभियान-सह-लोक शिक्षा कार्यक्रम ...
आयोग मुख्यालय में मनाया गया 71 वां स्वतंत्रता दिवस ...
खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने नर्मदा घाटी में महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय शुरू किया ...
आयोग की वित्तीय सलाहकार की अध्यक्षता में आंचलिक समीक्षा बैठक संपन्न ...
सशस्त्र बल जल्द ही खादी वर्दी पहनेंगे ...
फैशन के बीच खादी की हिट, जल्द ही पेरिस, दुबई में स्टोर ...
अखिल भारतीय केवीआईसी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा ...
आयोग की 647वीं बैठक का कार्यवृत ...

लेख ....

सोलर चरखा प्रोजेक्ट - ग्राम खनवाँ, जिला नवादा
-गिरिराज सिंह

सरलता ही हिंदी को आगे ले जाएगी
-विजय गोयल

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियाँ............39 से 41

विश्व 'मधुमक्खी दिवस'

आयोग ने राष्ट्रपति भवन से 'मधु क्रांति' की शुरुआत कर विश्व 'मधुमक्खी दिवस' मनाया

नयी दिल्ली, 19 अगस्त, 2017: खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आज राष्ट्रपति भवन से मधु मिशन की शुरूआत की। माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने पिछले माह राष्ट्रपति भवन में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा स्थापित मधुमक्खी वाटिका का दौरा किया। माननीय राष्ट्रपति द्वारा मधुमक्खी वाटिका के दौरे का उद्देश्य "विश्व मधु मक्खी दिवस" मनाना है।

राष्ट्र को बदलने के लिए, हमेशा नए विचारों की तलाश में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा कि "श्वेतक्रांति" के साथ "स्वीट क्रांति" भी शुरू करने की जरुरत है। प्रधान मंत्री का विजन भारत को शहद और मधुमक्खी मोम के उत्पादन में एक विश्व नेता बनाना

और परागण के जरिए फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए किसानों को जानकारी देना है।

माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने न सिर्फ शहद उत्पादन की प्रक्रिया को समझने के लिए मधुवाटिका में अपना बहुमूल्य समय व्यतीत किया, बल्कि उन्होंने राष्ट्रपति भवन में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद विद्यालय के छात्रों को शहद की बोटल्स भी वितरित की। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री वी.के.सक्सेना ने उन्हें मधुवाटिका की स्थापना एवं उसके उद्देश्य के बारे में सविस्तार समझाया।

इस अवसर पर सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

श्री कलराज मिश्र, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह भी उपस्थित थे।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने राष्ट्रपति भवन में 150 मधुमक्खी बक्से स्थापित किए हैं और अगले कुछ महीनों में 500 मधुमक्खी बक्से तक वृद्धि की जाएगी, जिससे राष्ट्रपति भवन में लगभग 15,000 कि.ग्राम उच्च गुणवत्तायुक्त शहद का उत्पादन होगा।

विश्व मधु मक्खी दिवस मनाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने सम्पूर्ण देश में स्कूली बच्चों को मधु की 10,000 बोटल्स वितरित करने का निर्णय लिया। जिसमें से प्रेसिडेंट ईस्ट के विशेष बच्चों को 250

बोटल्स, प्रेसिडेंट ईस्ट के डॉ.राजेंद्र प्रसाद विद्यालय के बच्चों को 1200 बोटल्स और इसके अलावा एन.डी.एम सी. के एन.पी. सहशिक्षण माध्यमिक स्कूल में 1200 बोटल्स वितरित की गई हैं।

स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए सांसद, लोकसभा श्रीमती मिनाक्षी लेखी ने शहद और शहद के महत्व पर ज़ोर डाला। उन्होंने कहा, शहद के पोषण मूल्य और इसके प्रभाव से "स्वस्थ भारत" के निर्माण में मधुमक्खी का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है, इसके लिए उन्होंने मधुमक्खियों के सामूहिक अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण दिया।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी.के. सक्सेना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम

के सचिव डॉ. अरुण कुमार पांडा, एनडीएमसी के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के संयुक्त सचिव / खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बी.एच. अनिल कुमार उपस्थित थे।

आयोग के अध्यक्ष श्री सक्सेना ने इस अवसर परकहा कि "हम माननीय प्रधान मंत्री के उद्देश्य, 'प्रत्येक परिवार को उनके दैनिक उपभोग के लिए अमूल्य अमृत मधु उपलब्ध कराने' के लिए आगे प्रयास कर रहे हैं।" चूंकि शहद, रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने और रक्त शुद्ध करने में सहायक होता है, इसलिये हम स्कूलों में विधार्थियों के

बेहतर स्वास्थ्य के लिए शहद का वितरण कर रहे हैं।

मुंबई में विश्व मधुमक्खी दिवस

प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मधु क्रांति के सपने को साकार करने हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुख्यालय ने मुंबई स्थित विद्यालय विकास मंडल के श्रमिक विद्यालय, मेघवाडी, जोगेश्वरी, पूर्व के 1000 छात्रों के बीच 10 ग्राम शहद की बोतलें बांटकर मुंबई में विश्व मधु दिवस मनाया।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी आधिकारी, श्री वाई.के. बारामतीकर ने कहा, 'मधु क्रांति' केवल बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को ही बढ़ावा नहीं देगी, लेकिन अगर वे मधुमक्खी पालन के कौशल को सीखते हैं तो उन्हें अपनी कमाई में वृद्धि करने में भी मदद मिलेगी। मधुमक्खी पालन, कृषि उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि करने में भी मदद करता है, इस प्रकार उन्हें आत्महत्या करने से रोकता है।

श्रीमती स्मिता चौहान, स्कूल की ट्रस्टी ने इस व्यापक उद्देश्य हेतु अपने स्कूल का चयन करने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और अपने स्कूल परिसर में मधुमक्खी पालन की स्थापना की इच्छा व्यक्त की।

इस मौके पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी आधिकारी श्री एम. टी. वाकोडे ने मधुमक्खी पालन की प्रक्रिया और इसके अद्भुत फायदे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि, वे मधुमक्खी पालन के माध्यम से 'सीखे भी और कमाएं' भी'।

आयोग के निदेशक, वित्त श्री बाबुल मंडल ने इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के बारे में और इसके वास्तविक उद्देश्य के बारे में संक्षेप में जानकारी दी।

अहमदाबाद में

विश्व मधुमक्खी दिवस के सुअवसर पर आयोग के राज्य कार्यालय, गुजरात की टीम ने विनय मंदिर स्कूल में विश्व शहद दिवस मनाया । जहाँ, आयोग के प्रतिनिधियों ने गांधी आश्रम, अहमदाबाद और शहद के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा लगभग 350 गर्ल्स छात्रों को शहद के सैंपल वितरित किये गए।

चंडीगढ़ में

विश्व मधुमक्खी दिवस, 19 अगस्त, 2017 को आयोग के राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ में भी मनाया गया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, मानव जाति के लिए मधुमक्खियों के महत्व और अवशिक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन राज्य कार्यालय में किया गया, जिसमें पंजाब के मधुमक्खीपालकों, छात्रों, बिग-बी एसोसिएशन, शहद हट के निदेशक, केवीआईसी और केवीआईबी के अधिकारियों ने भाग लिया। छात्रों के बीच 10 ग्राम शहद की बोटल वितरित भी की गई। इस उद्यम से सम्बंधित मधुमक्खीपालकों ने मधुमक्खी पालन पर अपने व्यक्तिगत विकास के अनुभव साझा किए।

वांये से दांयें अधिकारी- पीकेवीआईबी के संयुक्त निदेशक, उद्योग और वाणिज्य विभाग, पंजाब सरकार, पीकेवीआईबी के अधिकारी, केवीआईसी, चंडीगढ़ के उप निदेशक श्री वी.के.शर्मा, निदेशक, आरईजीडी, गैर सरकारी संगठन और बिग बी एसोसिएशन के अध्यक्ष-मंच पर दिखाई दे रहे हैं ।

विश्व के मधुमक्खी दिवस, 19 अगस्त 2017 को राज्य कार्यालय, अंबाला में मनाया गया। इस अवसर पर श्री वी. के. नागर, राज्य निदेशक, अंबाला ने मधुमक्खियों के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डॉ. वेद प्रकाश, नेचर केयर सेंटर, अम्बाला कैंट, केवीआईसी और केवीआईबी के कर्मचारियों एवं अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एसबीईसी, त्रिचुर, केरल में विश्व 'मधुमक्खी दिवस' समारोह

आयोग के त्रिचुर, केरल स्थित राज्य मधुमक्खीपालन विस्तार केंद्र ने अपने पास के स्कूलों के छात्रों को आमंत्रित कर मधुमक्खीपालन के महत्त्व की जानकारी देकर मधुमक्खी दिवस मनाया।

प्राकृतिक शहद
50 ग्राम
बच्चों को मुफ्त वितरण
Khadi India
द्वारा
विश्व 'मधुमक्खी दिवस'
19 अगस्त, 2017
सी.बी.आर.टी.आई., केवीआईसी, पुणे द्वारा पैकेजिंग

पूरे देश में आयोग द्वारा विश्व 'मधुमक्खी दिवस' मनाया गया

राष्ट्रपति भवन

अगरतला

अहमदाबाद

अम्बाला

देहरादून

गुवाहाटी

जम्मू एवं कश्मीर

एम.डी.टी.सी., बंगलुरू

खादी हुई वैश्विक, अमेरिकी राजदूत ने स्वतंत्रता दिवस पर पहनी खादी साड़ी

नई दिल्लीः स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी द्वारा एक अस्त्र के रूप में उपयोग में लाए गये स्वदेशी वस्त्र 'खादी' गौरव का प्रतीक है - भारत में कार्यरत अमेरिकी राजदूत मैरी केलोस कार्लसन ने कनॉट प्लेस स्थित आयोग के 'खादी इंडिया' बिक्री केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान खादी साड़ी पहनने का निर्णय लिया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना की पत्नी संगीता सक्सेना से सुश्री कार्लसन ने खादी भवन में मुलाकात की, इस अवसर पर उन्होंने खादी के महत्व का वर्णन करने के अलावा अमेरिकी राजदूत को भारतीय पोशाक का चयन करने में भी मार्गदर्शन किया।

'खादी इंडिया' बिक्री केंद्र पर घंटे भर रहने के दौरान, सुश्री कार्लसन ने खादी उत्पादों की बड़ी रेंज को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने तीन दर्जन से अधिक साड़ी को छांटकर अंत में अपने लिए पांच सबसे अच्छी साड़ियों का चयन किया, जो रॉ-सिल्क, मटका रेशम और कटिया सिल्क खादी वस्त्र में से थी, इस अवसर पर उन्होंने मिरर वर्क के भी खादी वस्त्र देखे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर 'खादी इंडिया' आउटलेट की अपनी वीडियो भी साझा की। इससे पूर्व, उन्होंने महात्मा गांधी प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस बीच, अमेरिकी राजदूत का 'खादी इंडिया' आउटलेट में दौरा करने पर, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि यह खादी कारीगरों के लिए एक सम्मान है और "हमारे लिए यह बेहतर गौरव का क्षण है कि विश्व के पहले लोकतंत्र के राजदूत ने स्वंतत्रता दिवस के 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर साड़ी का चयन करने के लिए हमारे आउटलेट का दौरा किया है।"

24 और 25 अगस्त 2017 को अहमदाबाद में आयोजित विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समिति की बैठक का एक दृश्य। बैठक में आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बी.एच. अनिलकुमार, आईएएस ने समिति के माननीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र बडानीया और अन्य सभी माननीय सदस्य का स्वागत किया।

डीआरपीएससी समिति के गुजरात दौरे के दौरान 24-25 अगस्त 2017 को राज्य कार्यालय, गुजरात द्वारा बैठक स्थल पर एक लघु प्रदर्शनी आयोजित की गई। आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, और डीआरपीएसई के लगभग सभी सदस्यों ने इस प्रदर्शनी का दौरा किया और प्रदर्शित खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों की सराहना की।

पुणे में आयोग के पहले फ्रेंचाइज़ी शोरूम खादी इण्डिया का उद्घाटन

आयोग ने ऐतिहासिक शहर पुणे में इतिहास बनाया

लोगों के दिलों में स्थान बनाने के पश्चात्, एक नवीन पहल के अंतर्गत खादी और ग्रामोद्योग आयोग, हयात होटल विमान नगर, पुणे के समीप वसाकोन वेईकफील्ड चेम्बर्स, शोरूम नं.2 बी में अपने पहले फ्रेंचाइज़ी शोरूम का उद्घाटन कर खादी को बड़े पैमाने पर विस्तार प्रदान करने लिए तैयार है|

उद्यम (वेंचर) की इस नवीनतम श्रृंखला की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक द्वार पर खादी उपलब्ध कराना हमारा मिशन है और आज यहां पहले फ्रेंचाइजी का उद्घाटन इस दिशा में एक छोटी सीपहल है। हम प्रत्येक जिले में एक वास्तविक बिक्री नेटवर्क लाने की योजना बना रहे हैं। इस दिशा में प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही है। हमें मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, पुडुचेरी, गोवा और

कोलकता जैसे बड़े मेट्रो शहरों के अतिरिक्त, यहाँ तक कि दुबई से फ्रैंचाइज़ी बिक्री के लिए खादी इंडिया आउटलेट शुरू करने में रूचि की अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि "पिछले कुछ वर्षों में हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने मन की बात के माध्यम से खादी को बढ़ावा दिया है जिससे खादी की मांग, खादी विगत वर्षमें 15.1 करोड़ रुपए बढ़ी है और वर्ष 2016-17 के दौरान 2005 करोड़ रुपए बिक्री हुई,जो कि 33 फीसदी की बढ़ोतरी है। खादी और ग्रामोद्योगी क्षेत्र में कुल 51,997 करोड़ रुपये का आश्चर्यजनक आंकड़ा और देश में यह बहुत बड़ा आपूर्ति आधार है। हमें अगले 3 सालों में खादी उत्पादन में ५ गुना वृद्धि द्वारा 6000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है,जिससे करीब 20 लाख तक अतिरिक्त अनुमानित रोजगार सृजन होगा।"

तत्कालीन केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री हरिभाई चौधरी, एमएसएमई ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला वाधवान के साथ 20 अगस्त, 2017 को शक्ति-महिला उद्यमिता और सशक्तिकरण कार्यक्रम समारोह का उद्‌घाटन किया।

उच्च श्रेणी के उपभोगताओं को गुणवतायुक्त उत्पाद प्रदान करने और खादी हेतु ग्लोबल बाजार विकसित करने एवं अपने कारीगरों के लिए स्थायी रोजगार प्रदान करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने कम्पनियों जैसे रेमंड, अरविंद मिल्स लि., ए.बी.एफ.आर.एल. के साथ समझौता किया है एंव ओएनजीसी, रेलवे, आरईसी, स्वास्थ्य मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, एन टी पी सी, एयर इंडिया, जे.के. सिमेंट जैसे पीएसयू के साथ अनुबंध किया है।

इस अवसर पर श्री अनिल शिरोले, माननीय सदस्य संसद, ने खादी की प्रासंगिकता और गुणवत्ता पर चर्चा की। उन्होंने पुणे में इस देश के कपड़े खादी को बढ़ावा देने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

शोरूम के मालिक श्री सौरभ चटर्जी ने कहा कि "खादी और ग्रामोद्योग आयोग की छत्रछाया में फ्रेंचाइजी बिक्री केंद्र खोलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और इससे मेरे सपने साकार होंगे।"

इस कार्यक्रम में संसद सदस्य श्री अनिल शिरोले और महाराष्ट्र सरकार विधान सभा सदस्य श्री जगदीश मुलिक तथा महाराष्ट्र खादी और ग्रामोद्योग मंडल के अध्यक्ष श्री विशाल चोर्डिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस फ्रेंचाइजी शोरूम में केवल खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा अनुमोदित उत्पादों की ही बिक्री की जाएगी, जिन पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा जारी खादी मार्क विनियम, 2013 के अनुसार खादी मार्क लगा हो, जिन उत्पादों पर इस प्रकार खादी मार्क नहीं लगाया गया है तो ऐसे उत्पादों की बिक्री नहीं की जाएगी।

दक्षिण भारत में पहले और देश में दूसरे खादी इंडिया फ्रैंचाइजी का तिरुवल्ला में उद्घाटन

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की दक्षिण भारत में पहली और देश में अपनी दूसरी फ्रैंचाइजी का उद्घाटन तिरुवल्ला में 24 अगस्त, 2017 को, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी श्री एस. श्रीसंत ने किया। इस फ्रैंचाइजी के उद्घाटन कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक और सांस्कृतिक व्यक्तियों ने भाग लिया। यह शोरूम ठुकलासरी जंक्शन पर स्थित है।

24 अगस्त 2017 को, केरल के गांधी श्री के. केलप्पन की 128 वीं जयंती भी थी, वह केरल के खादी और सर्वोदय आंदोलन में अग्रणी रहे थे। उन्होंने खादी बोर्ड के अंतर्गत कई बुनाई केन्द्र, ग्रामोद्योग के आउटलेट और खादी बुनकर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए। उन्होंने तवनौर में ग्रामीण संस्थान की भी स्थापना की।

इस नए स्टोर में खादी कपड़े, खादी रेशम साड़ी, ड्रेस सामग्री, चादरें, स्कार्फ, रेडीमेड शर्ट, धोती और अन्य प्रकार के परिधान उपलब्ध होंगे।

केरलवासी अब देश के विभिन्न हिस्सों के खादी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच सकते हैं। भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, 'मन की बात' के जरिए देश के लोगों से खादी खरीदने के लिए लगातार आग्रह कर रहे हैं। केरल में खादी उत्पादों का मूल्य और गुणवत्ता को समझने वाले उपयोगकर्ता काफी बढ़ रहे हैं।

आयोग के अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय पूनी संयंत्रों के कामकाज की समीक्षा

15 सितंबर 2017 के बाद आयोग के विभागीय बिक्री केंद्र (डीएसओ), परीक्षण रिपोर्ट के साथ खादी संस्थाओं से खादी वस्त्र उत्पादों को स्वीकार करेंगे- यह बात आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने आयोग मुख्यालय में 11-12 अगस्त, 2017 को आयोजित बैठक में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार संबंधित केंद्रीय पूनी सयंत्रों से परीक्षण रिपोर्ट के साथ ही सरकारी विभागों को बड़ी मात्रा में आपूर्ति की जाएगी। इस बैठक में आयोग के सभी छह केंद्रीय पूनी संयत्रों के परियोजना प्रबंधक, आयोग के वित्त सलाहकार, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (विपणन), उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (खादी), और खादी निदेशालय के निदेशक, आरआईडी के निदेशक ने भाग लिया।

आयोग के अध्यक्ष ने पूर्व में ही प्रत्येक केंद्रीय पूनी संयत्रों की गतिविधियों एवं कार्यों तथा सीएसपी में रोविंग के लागत/कीमत/मूल्य निर्धारण प्रणाली का अध्ययन करने लिए दौरा किया था । उन्होंने 8 अगस्त 2017 से 10 अगस्त, 2017 तक 3 केंद्रीय पूनी संयत्रों- चित्रदुर्ग, कुत्तूर और त्रिचुर में स्थित सीएसपी का दौरा किया, जिसे खादी संस्था-"केरल खादी ग्रामोद्योग एसोसिएशन", त्रिचूर, केरल द्वारा चलाया जाता है, जहाँ उन्होंने उत्पादन की लागत, अपशिष्ट का प्रतिशत, कर्मचारियों की संख्या में कमी, संयंत्र / मशीनरी का रखरखाव, सफाई, कपास की खरीद लागत, जमीन का समुचित उपयोग, पूनी/ रोविंग की लागत, आकस्मिक श्रमिकों की तैनाती, प्रत्येक सयंत्र का उपयुक्त रूप में कामकाज के बारे में तथा प्रत्येक संयंत्र की उत्पादन पद्धति का स्वरूप, अव्यय में कमी, 100% उत्पादन क्षमता का उपयोग, कपास की खरीद, अधिमानतः ऑनलाइन बाजार प्रणाली का उपयोग और अपशिष्ट पदार्थ, डीजल और बिजली की खपत का पुनर्चक्रण, संयंत्र में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और बायो-मीट्रिक स्टाफ उपस्थिति प्रणाली, कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन और अन्य संबंधित मुद्दों पर अपने सुझाव दिए।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय ने केंद्रीय पूनी संयत्रों के प्रबंधकों को संयत्रों में सुचारु रूप से कार्य करने के लिए सुझाव दिए जिसमें उचित रूप में रखरखाव करने के लिए मासिक चेकलिस्ट तैयार करना, पूनी की लागत निकालना, तैयार सामान के स्टॉक का रखरखाव करना, पूर्व में ही खादी संस्थाओं से पूनी की आपूर्ति सुनिश्चित करना और सीएसपी कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण पोलिसी तैयार करने के अतिरिक्त पिछले वर्ष के खर्च के मुकाबले इस वर्ष 15% तक व्यय को कम करना और अपने कुल कारोबार का न्यूनतम 20% लाभ अर्जित करने सम्बंधित सुझाव शामिल थे।

केंद्रीय पूनी संयत्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सीएसपी को बुनियादी सुविधाओं, गोदामों, कार्डिंग मशीनों, फ्रेम आदि जैसे जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। आम जनता से अपील के लिए, प्रत्येक केंद्रीय पूनी संयत्रों में एक समान खादी इंडिया का "लोगो" लगाने और हर संयंत्र में एक प्रमुख स्थान पर माननीय प्रधान मंत्री का संदेश प्रदर्शित करने का भी निदेश दिया गया।

इसके अलावा आयोग के अध्यक्ष ने विभिन्न ऋणदाताओं की स्थिति की भी समीक्षा की। अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सीएसपी को बुनियादी सुविधाओं जैसे गोदामों, कार्डिंग मशीनों, फ्रेम आदि की उनकी आवश्यकताओं के अनुसार देने का आश्वासन दिया गया।

आयोग के अध्यक्ष ने यह भी सुझाव दिया कि सीएसपी से प्राप्त अपशिष्ट कचरे का पुनर्नवीनीकरण किया जाना चाहिए और अच्छे फाइबर का उपयोग मोटे रेविंग के उत्पादन में किया जाना चाहिए। इस मोटे रेविंग का उपयोग मोटी गुंडी की कत्ताई करने के लिए किया जा सकता है और जिसे स्मारिका के रूप में बेचने के लिए हेरिटेज चरखा संग्रहालय, नई दिल्ली और अन्य पर्यटन स्थलों में रखा जा सकता है।

श्री सत्यपाल, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सुझाव दिया कि विभिन्न प्रकार के खरीद के बजाय सूती खरीद के लिए "पैरामीटर" की संभावना का पता लगाया जा सकता है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न प्रकार के खरीद के बजाय पैरामीटर के अनुसार सूती की खरीदी करने हेतु संभावनाओं का पता लगाया जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि अधिशेष भूमि का उपयोग हनी मिशन के लिए किया जायेगा इसके लिए इस भूमि में तुलसी और सहजन (ड्रमस्टिक) के पौधे लगाये जाएगें और इसके लिए केंद्रीय पूनी सयंत्र, सिहोर और चित्रदुर्ग को एमटीडीसी, दिल्ली द्वारा मधुमक्खी कालोनियों के साथ मधुमक्खी बक्से प्रदान किये जायेंगे। आयोग के निदेशक (विज्ञान और प्रौद्योगिकी) डॉ. एस. ग्रीप, जो एक योग्य कृषि वैज्ञानिक भी हैं, को फ्लोरा और फ्यूना मधुमक्खी का सृजन करने हेतु वैज्ञानिक तरीके से इसकी रुपरेखा (ब्लू प्रिंट) तैयार करने के लिए संयंत्रों का दौरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि वे पूरे वर्ष में उच्च गुणवत्तायुक्त वाले मधु और अन्य मधुमक्खी उत्पादों का उत्पादन कर सके।

यह भी चर्चा हुई कि केंद्रीय पूनी संयत्र के औद्योगिक श्रमिकों का उपयोग अधिकतम उत्पादन के लिए किया जाएगा और आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित/गैर-कुशल कामगारों को अनिवार्य रूप से

सेवानिवृत्त किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब से खादी संस्थाओं से 25% अग्रिम धनराशि प्राप्त करने के पश्चात ही संस्थाओं को पूनी की आपूर्ति की जाएगी, साथ-साथ दिनांकित (पोष्ट डेटेड चेक) चेक द्वारा 25% भुगतान और शेष 50% धन राशि एमडीए दावों से वसूली की जाएगी। सभी सीएसपी के पास बेहतर सुसज्जित प्रयोगशालाएं हैं जिनको आईआरजी बढ़ाने के लिए अधिकतम स्तर पर उपयोग में लाया जा सकता है। खादी संस्थाओं द्वारा भवनों और सरकारी विभागों को नकली खादी की आपूर्ति की जाती है, इस सम्बन्ध में मंत्रालय और अध्यक्ष कार्यालय ने बहुत सी शिकायतें प्राप्त की हैं, इसका खादी और ग्रामोद्योग आयोग की प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन संदेहों को दूर करने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि सभी राज्य निदेशक, खादी संस्थाओं को इस सम्बन्ध में निर्देश जारी करेंगे ताकि वे खादी उत्पादों की भवनों को आपूर्ति करने और सरकार के आदेश निष्पादित करने से पूर्व नजदीक के केंद्रीय पूनी संयत्रों के प्रयोग शाला में अपने खादी उत्पादों का परीक्षण करवा लें।

इस अवसर पर केंद्रीय पूनी संयत्रों के परिसर में सफाई बनाए रखने की भी अपील की गयी।

निदेशक (केआरएम) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 28 जुलाई 2017 को केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान संस्थान, पुणे के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सुझाव दिए एवं पुणे में 2 द्विवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में आयोग के मधुमक्खी पालन के क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ भाग लिया।

आयोग ने पम्पोर, जम्मू और कश्मीर में ऐतिहासिक प्रशिक्षण स्थल को पुनर्जीवित किया

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2017 (पीटीआई): खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने जम्मू-कश्मीर के पंपोर जिले में अपने निष्क्रीय प्रशिक्षण केंद्र को पुनर्जीवित किया है, जो आतंकवाद के दौरान दशकों पहले नष्ट हो गया था। इस स्थान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी, जहाँ 1947 में श्रीनगर से लगभग १६ किलोमीटर दूर पंपोर स्थल पर बापूजी गए थे, और चरखा और करघा प्रशिक्षण के लिए चीनार पेड़ के नीचे बैठे थे। इस पर जानकारी देते हुए आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि "इसे 1990 में चरम आतंकवाद के दौरान नष्ट कर दिया था, हमने पंपोर में बहु-उद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र को पुनर्जीवित किया और उसमें चरखे तथा करघे भी स्थापित किये गए हैं तथा

इसके माध्यम से नरेन्द्र मोदी सरकार के शांति संदेश का प्रसार किया गया है। आगे, अध्यक्ष महोदय ने जानकारी दी कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग इसके माध्यम से और नरेन्द्र मोदी सरकार के संदेश का प्रसार करेगा, जो उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को एक-दूसरे को गले लगाकर और "गोली और गाली" (बंदूकें और गालियां) को उपयोग में नहीं लाने का संकल्प लिया था।

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि पम्पोर का विशेष महत्व है क्योंकि 2 अगस्त 1947 को महात्मा गांधी ने

इस जगह का तीन दिन दौरा किया और वहां पर एक चिनार वृक्ष के पास बैठकर चरखा और करघा पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा, "वहां पर अभी भी बड़े पैमाने पर चिनार के वृक्ष हैं।" आगे उन्होंने यह भी कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रशिक्षण केंद्र भी उसी स्थान पर बनाया गया था। श्री सक्सेना ने कहा कि आयोग छह महीने के भीतर, कार्यक्रम के प्रशिक्षण को पूरा करेगा और उसी स्थान पर खादी इण्डिया आउटलेट स्थापित करेगा।

समारोह में जम्मू और कश्मीर के उद्योग और वाणिज्य मंत्री श्री चंद्र प्रकाश गंगा उपस्थित भी थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस राज्य में पहली बार एक सौर चरखा स्थापित किया गया।

श्री सक्सेना ने कहा कि सिलाई और बुनाई के लिए सोलर चरखा उपयोग में लाने के लिए एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जायेगा और इस प्रशिक्षण को प्रधान मंत्री के ग्रामीण आवास योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यहाँ १०० मधुमक्खी बक्से भी स्थापित किये गए हैं तथा चरखा स्थापित करके सिलाई और बुनाई कार्य शुरू हो गया है।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि अब यहाँ के निवासी बहुत प्रसन्न हैं क्योंकि लंबे समय बाद यहाँ पर लोगों का हुजूम था।

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अवनिस्सेरी ग्राम पंचायत का दौरा किया, जो केरल में भाजपा द्वारा संचालित एकमात्र पंचायत है। केवीआईसी ने रोजगार सृजन के लिए विभिन्न गतिविधियों को शुरू किया है।

31 जुलाई 2017 को आयोग के कनाट प्लेस, नयी दिल्ली स्थित खादी इंडिया आउटलेट को पधारने और राष्ट्रीय वस्त्र खादी को संरक्षित करने के लिए केन्द्रीय पर्यावरण संरक्षण मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर का धन्यवाद।

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम तथा खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम पर पश्चिम क्षेत्र आंचलिक समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम तथा खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम पर पश्चिम क्षेत्र आंचलिक समीक्षा बैठक आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बी.एच. अनिल कुमार की अध्यक्षता में 24 अगस्त, 2017 को आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद में संपन्न हुई।

बैठक में आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पश्चिम क्षेत्र श्री वाई.के.बारामतीकर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी श्री डी. धनपाल, निदेशक, पीएमईजीपी श्रीमती पी.एम. जोगलेकर, राज्य निदेशक, गुजरात एवं महाराष्ट्र श्री एस.जी. हेडाऊ, निदेशक नागपुर श्री आर.आर. गजभिये, उप निदेशक प्रभारी, गोवा श्री एस एस तांबे के अलावा गुजरात सरकार और बैंक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कालीकट में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर जागरूकता अभियान-सह-लोक शिक्षा कार्यक्रम

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना तथा अन्य सरकारी विभागों की स्वरोज़गार योजना पर जागरूकता अभियान- सह- लोक शिक्षा कार्यक्रम दिनांक 9 अगस्त, 2017 को ग्राम पंचायत, कालिकट, साउथ अंडमान में आयोजित किया।

यह कार्यक्रम उद्योग और कृषि निदेशालय, ए.एच.और वी.एस. विभाग, मत्स्यपालन विभाग, जिला उद्योग केंद्र, एन.वाय.के.एस., बैंक तथा पी.आर.आई.एस. के सहयोग से आयोजित किया गया, इसका मुख्य उद्देश्य -प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में अधिक से अधिक प्रसार करना, जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। इस कार्यक्रम में सम्बंधित क्षेत्र से भावी 53 उद्यमी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत,कालीकट से श्रीमती आशना मजीद, प्रधान ने इस कार्यक्रम के प्रति संतोष व्यक्त किया एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से स्व रोजगार हेतु बेरोजगार युवाओं को प्रेरित करने तथा उन्हें दिशानिर्देश देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अंडमान और निकोबार खादी और ग्रामोद्योग मंडल की सराहना की।

इस कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के आई.पी.ओ. श्री अरूप मजुमदार, उद्योग विभाग के आई.पी.ओ. श्री एस.के. बिस्वास, मत्स्य निदेशालय के मत्स्य अधीक्षक कुमारी ग्लोरी राव, कृषि निदेशालय के श्री कन्हया लाल प्रसाद, ए.एच. एवं वी.एस. निदेशालय के एस.वी.ओ. डॉ. के.मोहम्मद तथा एन.वाय.के.एस. के जिला युवक समन्वयक श्री कुंदन लाल इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये|

आयोग मुख्यालय ने मनाया 71 वां स्वतंत्रता दिवस

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 15 अगस्त 2017 को देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ 71 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। आयोग की वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश ने आयोग मुख्यालय मुंबई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस ध्वजारोहण समारोह में आयोग के वरिष्ठ आधिकरियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इसी देशभक्ति भावना के साथ आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों और खादी और ग्रामोद्योगी मंडलों में भी स्वतंत्रता दिवस विशेष कार्यक्रम के रूप में मनाया गया।

आयोग मुख्यालय में आयोग की वित्तीय सलाहकार ने अपने संबोधन में कहा कि खादी, देश के स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गांधी के नेतृत्व वाले स्वदेशी आंदोलन से जुड़ी है। गांधीजी ने स्वदेशी आंदोलन को खादी का पर्याय बनाया। उन्होंने, इसे एक सामाजिक समतुल्य सादगी के रूप में बढ़ावा दिया और खादी को देश का वस्त्र बना दिया। श्रीमती उषा सुरेश ने कहा, हमें गर्व है कि देश स्वतंत्रता से पूर्व और पश्चात् भी इस परंपरागत वस्त्र से संबद्ध रहा है और है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में लाखों कारीगरों, उद्यमियों और बेरोजगार युवाओं को मजदूरी के साथ रोजगार प्रदान करने का एक प्रमुख संगठन है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग प्रतिस्पर्धी कीमतों पर गुणवत्तायुक्त उत्पाद वितरित करने और भारतीय अर्थव्यवस्था के समेकित विकास में अपना योगदान देने के लिए हमेशा प्रयासरत्त रहा है। सभी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है और बहुत कुछ हासिल किया जाना है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सत्य पाल ने ७१ वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपना योगदान दिया और भारत की स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिशों के साथ युद्ध किया। उन्होंने आगे कहा कि 'खादी' परंपरागत रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा वस्त्र है और आज, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ग्रामीण कारीगरों और युवाओं के लिए खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों के प्रचार और विपणन करने में उन्हें आय का एक स्थाई स्रोत प्रदान करने में सबसे आगे रहा है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस.राव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर और व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा, संगठन सोशल नेटवर्किंग

प्लेटफार्म जैसे कि फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि से जुड़ा हुआ है, जिससे संगठन को अधिक कुशल तरीके से सूचना का प्रसार करके संचार और उत्पादकता में सुधार करने की अनुमति मिलती है। सोशल मीडिया पर उपस्थित होने से ग्राहक प्रतिधारण में वृद्धि की संभावना अधिक होती है। संगठनों के लिए सोशल मीडिया संभावित रूप से एक अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली उपकरण है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हमें विभिन्न सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्मों में शामिल होने और उन्हें संचालित करना सीखने के लिए संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री वाय.के. बारामतीकर ने कहा कि आयोग ने खादी को बढ़ावा देने के लिए कई पहल कीं हैं। खादी और ग्रामोद्योगी क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए 'स्वराज से सूरज तक' मार्गदर्शन की भावना है। हम सभी को हर स्वतंत्रता दिवस पर कुछ नई पहलों को शुरू करने और उन्हें पूरा करने और अगले स्वतंत्रता दिवस पर इसकी समीक्षा करने के लिए संकल्प लेना चाहिए । यह संकल्प हमारा व्यक्तिगत मिशन होना चाहिए। यह हमारे प्रयासों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेगा और यह नियत करने में सहायक होगा कि आने वाले वर्ष में हम अपने कार्यों से वहां कैसे पहुँच सकते हैं।

आयोग के निदेशक, बजट और वित्त, श्री बाबुल मंडल ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक राष्ट्र निर्माण करना केवल राजनीति का एक हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जागृति का हिस्सा भी है, एक ऐसा परिवर्तन जो मायने रखता है। हम सभी को यह विचार करना चाहिए कि अपने संगठन के माध्यम से राष्ट्र का निर्माण और कल्याण करने में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सपने बड़े होने चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और अपने सिद्धांतों के अनुसार कार्य करे। आप निश्चित रूप से एक दिन सफल होंगे।

आयोग के निदेशक, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, श्रीमती पी. एम. जोगलेकर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि खादी और ग्रामोद्योगी क्षेत्र के विकास में महिला उद्यमी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक रूप में सुदृढ़ बनाने

के लिए खादी और ग्रामोद्योगी क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण किया गया है। महिलाएं राष्ट्रीय विकास कार्य प्रणाली में तेजी से भाग ले रही हैं और खादी और ग्रामोद्योग आयोग की योजनाओं के माध्यम से उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने राष्ट्र के विकास के विजन को पूरा करने के लिए ग्रामीण महिलाओं को अपना सबसे अच्छा समर्थन दिया है।

जब आदिवासी महिलाओं ने रैंप पर अपना जौहर दिखाया:

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने नर्मदा घाटी में महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय शुरू किया

इंदौर: उत्पादन, बिक्री और रोजगार के बढ़ाने की दिशा में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपने सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से, मध्य प्रदेश के नर्मदा घाटी क्षेत्रों में खादी गतिविधियों को शुरू करने के लिए केंद्र का उद्घाटन करने के पश्चात, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि यह नर्मदा घाटी में एक नई शुरुआत है एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने दूरस्थ क्षेत्रों में करघा और अधिकतम चरखों का संवितरण किया ताकि अधिक से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके। "नर्मदा घाटी क्षेत्रों के महिलाओं के लिए अधिकतम संख्या में रोज़गार का निर्माण करना हमारी हमेशा प्राथमिकता रही है।"

उन्होंने आगे कहा कि ओंकारेश्वर के पिछले दौरे के दौरान, मैंने इस क्षेत्र की महिलाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए खादी उत्पादन केंद्र खोलने का वादा किया था, और आज नया केंद्र 45 चरखों और 60 प्रशिक्षित कारीगरों से सुसज्जित है, पर्याप्त प्रशिक्षण और पारिश्रमिक के साथ, आयोग की आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त संस्था-माल्वा भील सेवक संघ को, इस केंद्र को चलाने के लिए नियुक्त किया गया है। "मंत्रालय द्वारा निर्धारित खादी उत्पादन से संबंधित लक्ष्यों और प्रोत्साहनों को लागू करने के अलावा हम खादी संस्थाओं के गठन और नवीकरण के लिए इस क्षेत्र

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 27 अगस्त 2017 को जम्बदी हैपसी, इंदौर में एक पीएमईजीपी इकाई - बालाजी हर्बल्स का उद्घाटन किया। यह इकाई 25 लाख रुपये के निवेश के साथ स्थापित की गई है, और 16 स्थानीय लड़कों और लड़कियों को रोजगार उपलब्ध कराएगी।

में युवाओं को शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।"

खादी उद्योग की रीढ़ की हड्डी के रूप में महिला कारीगरों की तुलना करते हुए श्री सक्सेना ने आगे कहा कि यह, महिलाओं कारीगरों का दृढ़ संकल्प है कि खादी प्रतिदिन नए मील का पत्थर हासिल कर रही है।

"सभी 45 महिला कारीगर, उचित रूप में प्रशिक्षण लेने के बाद, यह अन्य आदिवासी महिलाओं के लिए वास्तव में एक आदर्श होगी। निरंतर चरखों की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए, हमने कार्यकारी एजेंसी को चरखा की क्षमता 100 तक बढ़ाने के लिए कहा है, जो जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, "मैंने अभी तक अपने जीवन में ऐसा आत्मविश्वास नहीं देखा है, जैसाकि इन जनजातीय महिलाओं ने अपने रैंप करते वक्त प्रदर्शित किया। चूंकि नर्मदा घाटी में विशाल वनस्पति फ्लोरा तथा फ्यूना हैं, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने यहां जल्द ही मधुमक्खी कार्यक्रम शुरू करने का फैसला किया है, ताकि यहां स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर और आय के अवसर में वृद्धि हो सके।"

उन्होंने आगे कहा, "हम खादी को दुनिया भर में नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, हम हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीजी के मिशन और हमारे कुशल कारीगरों के दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ रहे हैं"। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्ति जैसे स्थानीय विधायक और महिला सरपंच भी शामिल थे।

ओमकारे-श्वर की खादी महिला कारीगरों ने रैंप पर अपना जलवा दिखाया, तब उनके आत्मविश्वास ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्मदा घाटी में 27 अगस्त, 2017 को आयोग द्वारा एक नये अध्याय की शुरूआत की गई।

हैदराबाद में खादी पर चर्चा
दिनांक 27 अगस्त, 2017

आयोग की वित्तीय सलाहकार की अध्यक्षता में आंचलिक समीक्षा बैठक संपन्न

मुंबई, 20 जुलाई 2017: विभिन्न खादी ग्रामोद्योगी गतिविधियों के प्रगति की समीक्षा के लिए, एक बैठक आयोग की वित्तीय सलाहकार की अध्यक्षता में सभी आंचलिक उप मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ आयोग मुख्यालय, मुंबई में आयोजित हुई। सभी आंचलिक उप मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं ने क्षेत्र में नवीनतम घटनाओं, नीतिगत फैसलों और विभिन्न स्तरों पर विभिन्न बैठकों में विभिन्न प्रस्तुतियों में आने वाले महत्वपूर्ण प्रकृति के विभिन्न मुद्दों के बारे में सूचित किया गया। बैठक के दौरान सभी आंचलिक क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में क्षेत्र की प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गयी।

बैठक में विभिन्न मुख्य मुद्दों जैसे- खादी संस्थाओं द्वारा समयबद्ध एमडीए दावों को गैर-अपलोड करना, पीएफएमएस के तहत एक एमआईएस पोर्टल विकसित करके खादी सेक्टर को ऑनलाइन बनाना, रुग्ण संस्थाओं के मुद्दों, खादी प्रमाण पत्र को ऑनलाइन और ऑफ़लाइन जारी करने की स्थिति, खादी गतिविधियों को शुरू करने हेतु आयोग के साथ पंजीकृत नए खादी संस्थाओं के मुद्दे, सभी पंजीकृत खादी संस्थाओं के पुनर्गठन, सीएसपी से खादी संस्थाओं को पूनी की आपूर्ति से सम्बंधित मुद्दे, और अन्य सरकारी एजेंसियों से स्लिवर आपूर्ति आउटसोर्सिंग के लिए मंत्रालय का प्रस्ताव, स्फूर्ति क्लस्टरों के कार्यान्वयन की स्थिति, स्फूर्ति क्लस्टरों के प्रस्ताव, केआरडीपी गतिविधियों के क्रियान्वयन, लंबित लेखापरीक्षा पैरा की स्थिति, केआरडीपी कार्यक्रम के तहत सहायता प्रदान की गई खादी संस्थाओं की क्षमता निर्माण गतिविधियों के लिए आवंटित धन का उपयोग, केआरडीपी गतिविधियों के तहत ए प्राप्त एनएमसी को नामित करने के लिए (संस्था का नाम / संख्या), पीएमईजीपी गतिविधियों के तहत प्रगति की समीक्षा, पीएमईजीपी इकाइयों का 100% भौतिक सत्यापन आदि पर चर्चा की गई।

बैठक में आयोग की वित्तीय सलाहकार/ तत्कालीन मु. का. आधिकारी सुश्री उषा सुरेश, संयुत मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सत्य पाल, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर क्षेत्र श्री एसपी सिंह, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दक्षिण क्षेत्र श्री जी. गुरूप्रसंन्ना, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर क्षेत्र श्री सत्यनारायण, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री वाय. के. बारामतीकर, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री डी. धनपाल, निदेशक (वित्त/लेखा परीक्षा) श्री बाबुल मंडल, निदेशक (पीएमईजीपी), श्रीमती पी.एम. जोगलेकर, निदेशक (खादी), श्री जे.के. गुप्ता, निदेशक (आरआईडी), श्री के.बी. राव, उप निदेशक प्रभारी (स्फूर्ति) श्री एस.एस. ग्रीप और उप निदेशक प्रभारी (केआरएम), श्री एसपी खंडेलवाल ने भाग लिया।

सशस्त्र बल जल्द ही पहनेंगे खादी वर्दी

सशस्त्र बल जल्द ही खादी से बने वर्दी पहनेंगे। रक्षा मंत्रालय ने खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को सेना, नौसेना और वायु सेना में सशस्त्र बलों में कर्मियों द्वारा पहने जाने वाले वर्दी के नमूनों और विशिष्टताओं को भेजा है।

रक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष भामरे ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "वर्दी की आवश्यक विशिष्टतायें, नमूने के साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग को भेज दिया है।"

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत खादी के उपयोग और विकास को बढ़ावा देने वाला एक संगठन है।

केवल सशस्त्र बलों के लिए ही नहीं बल्कि स्कूल, पुलिस, सरकारी अस्पतालों, एयर इंडिया और रेलवे इत्यादि में खादी का उपयोग किया जा रहा है इन विभागों में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा खादी को बढ़ावा दिया जा रहा है|

एयर इंडिया के चालक दल के सदस्य पहले से ही खादी वर्दी पहन रहे हैं। विगत वर्ष प्रधान मंत्री के विदेशी यात्राओं में से एक यात्रा के दौरान पहली बार एयर इंडिया के चालक दल ने खादी वर्दी पहनी थी।

इसका उद्देश्य - प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन को साकार करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देना है।

माननीय प्रधान मंत्री ने पूर्व में ही और अपने मन की बात में लगातार खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के बारे में भी कहा हैं।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, विभिन्न स्तरों पर विभिन्न सरकारी अधिकारियों को खादी वर्दी प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों के संपर्क में है।

साभार: टाइम्स

आयोग के बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, त्रिचुर में तुलसी के पौधे का रोपड़ करतीं हुई महिला कर्मचारी

फैशन के बीच खादी हुई हिट, जल्द ही पेरिस, दुबई में स्टोर खुल सकते हैं

3 अगस्त 2017 बीटी समाचार द्वारा

पिछले 3 वर्षों में 286 नये स्टोरों के अलावा, अब खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) लाउंज फॉर्मेट स्टोर्स के साथ प्रयोग कर रहा है जिसे 'खादी इंडिया लाउंज' नाम दिया गया है, और जो खादी फैब्रिक के उच्च फैशनपरक उपभोक्ताओं की रूचि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

खादी अब छाया में रहने वाली वस्तु नहीं है, वह मजबूत, आत्मविश्वास से आगे बढ़ रही है, अपने फैशनेबल फैशन सर्किलों में ब्रांडिंग कर रही है और यह फ़ैशनिस्ट की वार्डरॉब में लंबे समय तक रह रही है।

इस वर्ष के अंत तक खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) पेरिस और दुबई में अपने पहले वैश्विक स्टोरों की देखरेख एक आक्रामक गति से अपनी विकास दर को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

"हाल ही में देखा गया है कि हमारे प्रधान मंत्री के व्यापक दृष्टिकोण के कारण खादी ने विकास की नयी ऊंचाईयों को छूकर उल्लेखनीय वृद्धि की है।

" केवीआईसी के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि उन्होंने न केवल खादी को लोगों के लिए एक खास फैब्रिक बनाया है- बल्कि विशेषकर उनकी अपील के साथ इस मिलियन वर्ष, खादी भी देश में सामाजिक-आर्थिक स्वतंत्रता का एक मॉडल बन गयी है।

प्रधान मंत्री के आधिकारिक वाहक एयर इंडिया वन के कर्मचारियों को खादी फैब्रिक के ड्रेसिंग के बाद, खादी अब सलमान खान, अक्षय कुमार और सोनम कपूर जैसे बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी जुड़े रही है। फैशन डिजाइनर रितु बेरी को मोदी सरकार द्वारा केवीआईसी के साथ इकोनिक डिज़ाइनर के रूप में जोड़ा गया है और खादी मार्क अधिदेश - एक परचित कॉटन खद्दर खादी ब्रांड के रूप में विकसित हो रहा है।

वर्ष 2016 में रितु बेरी के अनन्य खादी संग्रह 'विचारवस्त्र' ने 78 लाख रुपए का कारोबार किया था और इस वर्ष भी एक नए विचार के साथ एक नया कलेक्शन तैयार किया जा रहा है।

मोदी प्रभाव

वर्ष 2014 के बाद से, खादी कपड़े की बिक्री करीब 70 प्रतिशत बढ़ गई है और विभाग ने खादी को बढ़ावा देने के लिए न केवल भारत में एक ब्रांड के रूप में

बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खादी की ब्रांडिंग को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार द्वारा रूचि लेते हुए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं।

पिछले वित्त वर्ष में 1,510 करोड़ रुपये के मुकाबले 2016-17 में 2,005 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की थी, केवीआईसी ने 2018-2019 के अंत तक 5000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है।

कॉर्पोरेट से प्राप्त बड़े आपूर्ति आर्डर खादी की सफलता की कहानी का एक हिस्सा हैं। जबकि ओएनजीसी, एयर इंडिया, भारतीय रेलवे और अन्य संगठनों ने केवीआईसी के आदेश दिए हैं, आईआईटी बॉम्बे और भारतीय कंपनी सेक्रेटरीज जैसे संस्थान भी अपने वार्षिक दीक्षांत समारोहों के लिए केवल खादी गाउन और शॉल का उपयोग करने के लिए आगे आये हैं।

इस बैंडविगन में शामिल होने के कारण, यहां तक कि निजी ब्रांड कपड़े ढंकने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उदाहरण के लिए, अरविंद लिमिटेड ने केवीआईसी से 40 मिलियन अमरीकी डालर का 1 मिलियन मीटर के कपड़े का ऑर्डर करने का वादा किया है और इसे खादी डेनिम संग्रह के लिए विशेष रूप से इस्तेमाल करने की योजना है।

रेमंड्स, एलन सॉल्ली और टर्टल जैसे प्रमुख ब्रांड भी खादी के साथ हाथ मिला रहे हैं।

सक्सेना ने कहा, "हम कंपनी को अपने कपड़ा का चयन करने और कपड़े को फैशनेबल और व्यावसायिक

रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए हस्तक्षेप करने की अनुमति देते हैं।"

रेमंड ने पहले ही अपने एक मिश्रित संग्रह के लिए दो साल की अवधि में 6 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है।

पिछले 3 वर्षों में 286 नये स्टोरों के अलावा, केवीआईसी अब लाउंज फॉर्मेट स्टोर्स के साथ प्रयोग कर रहा है जिसे 'खादी इंडिया लाउंज' कहा जाता है, जो कि उन्नत और विशेष फैशनपरक ग्राहकों को लक्षित करता है।

पहले चरण में इन लाउंजों को दिल्ली, मुंबई और जयपुर में 25 लाख रुपये के निवेश के साथ स्थापित किया गया है। वर्ष के अंत तक भोपाल, गोवा और लखनऊ में इसी तरह के स्टोर स्थापित किए जाएंगे।

स्रोत: moneycontrol.com

